भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5218
जिसका उत्तर मंगलवार 27 मार्च, 2018 को दिया जाना है

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

5218. श्री गोडम नगेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान सीमेंट कॅापोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा उत्पादित सीमेंट की मात्रा लक्ष्य से कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सीसीआई की उन कंपनियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है;

(ग) क्या सरकार का इन कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सीसीआई प्रबंधन के अंतर्गत वर्ष 1983-84 के दौरान आदिलाबाद में स्थापित की गई सीमेंट कंपनी वर्ष 1998 में बंद कर दी गई थी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख) : पिछले तीन वर्षों में सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लक्ष्य और कार्यनिष्पादन का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

(आकड़ें लाख टन में)

	2016-17		**2015-16**		**2014-15**	
राज्य	**समझौता ज्ञापन में उत्पादन लक्ष्य**	**वास्तविक उत्पादन**	**समझौता ज्ञापन में उत्पादन लक्ष्य**	**वास्तविक उत्पादन**	**समझौता ज्ञापन में उत्पादन लक्ष्य**	**वास्तविक उत्पादन**
बोकाजन	1.15	0.795	**उत्पादन के लिए कोई लक्ष्य नहीं दिया गया था।**	1.03	1.30	0.82
राजबन	1.88	1.685		1.91	1.50	1.70
तांदूर	6.67	5.42		6.19	6.70	7.01
कुल योग	**9.70**	**7.90**		**9.13**	**9.50**	**9.53**

(ग): वर्तमान में ऐसी कोई योजना नहीं है।

(घ) और (ङ): वित्तीय संकट के कारण दिनांक 05.11.1998 से आदिलाबाद यूनिट में उत्पादन को रोक दिया गया था।

******